an>

Title: Need to ensure adequate water level in Rajsamand lake in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) ः मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद में विश्व प्रसिद्ध मानव निर्मित ऐतिहासिक "राजसमंद झील" स्थित है। विगत कई वर्षों से यह झील अपने भराव क्षमता के अनुरूप भर नहीं पाई है। इसकी वजह से इस झील का पर्यटक महत्व कम होता जा रहा है। इस झील की पाल का निर्माण मेवाड़ के प्रसिद्ध महाराणा राज सिंह जी द्वारा बड़े ही कलात्मक एवं ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर कराया गया है। इस पाल पर राज प्रशस्ति नामक ग्रंथ पत्थरों पर खुदा हुआ है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि इस ऐतिहासिक झील को इसकी पूर्ण क्षमतानुसार भराए जाने की व्यवस्था की जाए ताकि यह झील अधिक से अधिक पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बन सके।